चौधरी रिजक राम जी की बातें सुनने के बाद मैं आपके द्वारा राठी जी को कहना चाहता हूं कि वे थोड़ा अलर्ट हो जाएं। ऐसा लगता है कि आज तो यह पोर्टफोलियों इनके पास है लेकिन कल को उनके पास होने वाला है। (विघ्न)

चौधरी रिजक रामः चैयरमैन साहब, पोर्टफोलियों राठी साहब के पास हो या मेरे पास हो, बात एक ही है। (विघ्न)

श्री बिरेंद्र सिंहः चैयरमैन साहब, मैं आपके द्वारा कुछ बाते सदन के सामने रखना चाहता हूं। इसमें कोई भाको भाबुहा नहीं कि बिजली बोर्ड की पिछली कारगुजारी निंदनीय नहीं है अच्छी कारगुजारी हैं। लेकिन अब कुछ मु कलात जो पब्लिक को, खास तौर पर चौधरी देवी लाल की सरकार जाने के बाद दर पे ा आई, खास तौर पर ऐग्रीकल्चर सैक्टर में, वह वाकई में ही निंदनीय है। इसमें भी कोई भाको भाबुहा नहीं कि काफी सूखा पड़ने के बाद, गोबिंद सागर का पानी नीचे जाने की वजह से बिजली की पैदावार में कमी हुई लेकिन फिर भी बिजली का डिस्ट्रिब्यू ान इस प्रकार से किया जा सकता है कि ऐग्रीकल्चर सैक्टर को उसकी इम्पोर्टैन्स के मुताबिक बिजली मिल जाए। बहुत अफसोस से कहना पड़ता है कि इस सरकार के राज में पिछले 6–7 महीने से इस सैक्टर को बिजली मिल नहीं रहीं है। (ाोर) चैयरमैन साहब, चौधरी देवी लाल की सरकार ने एक पालिसी तय की थी कि किसानों को रात की बजाय दिन को बिजली दी जाएगी। चैयरमैन साहब, आपको भी किसानों की

दिक्कतों का पता है क्योंकि टूरिज्म कार्पोरे ान का चैयरमैन होने के कारण आप देहात में जाते रहते है और आप जानते है कि पिछले 6–7 महीने से उन्हें बिजली दिन में नहीं मिलती। इसके बारे में विशे ाकर बिजली बोर्ड के अफसरान को कहना चाहूंगा क्योंकि मंत्री जी तो कुछ फिक करते नहीं मैं बोर्ड के अफसरान को कहना चाहूंगा कि पिछली पालिसी को रिवाइव करो और दिन में बिजली दो। रात को जो बिजली मिलती है दससे किसान को बहुत कम लाभ होता है। चैयरमैन साहब, आप सब जानतें है कि आने वाले टाईम में हरियाणा ही नहीं बल्कि दे ा भर मैं बिजली का भयंकर अकाल पड़ सकता है, बिजली की भयंकर कमी हो सकती है। (विघ्न) चेयरमैन साहब, सरकार ने जो देवी लाल जी की सरकार के बाद सरकार बनी, हिमाचल प्रदे ा के साथ नाथपा झााकड़ी प्रोजैक्ट के बारे मैं ऐग्रीमैंट साईन किया है। उसके बारे में मेरी पहले भी कुछ रिजर्वे ान थी और अब भी है आज के दिन 300 करोड़ से ऊपर की लागत का यह प्रौजैक्ट है। इतना पैसा मैं समझता हूं कि हरियाणा अफोर्ड नहीं कर सकता। दूसरी बात जो मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि यह प्रौजैक्ट कई साल के बाद तैयार होगा क्योंकि मुझे अफसरान ने बताया था कि जिस जगह यह डैम बनना है वहां मु कल से साल भर में दो तीन महीने काम हो सकता हैं, नौ महीने काम नहीं हो सकता। (विघ्न)

सरदार सुखदेव सिंहः चेयरमैन साहब, माननीय सदस्य को नाथपा झाकड़ी प्रोजैक्ट के बारे में इस तरह की निरा ाा की बात नहीं कहनी चाहिए। (विघ्न)

चौधरी राम लाल वधवाः चेयरमैन साहब, सरदार सुखदेव सिंह जी को बैठे–बैठे पता नहीं क्या हो गया। मैं उनसे कहना चाहता हूं–

तू खफा मुझ से नहीं है तो बता फिर ऐ दोस्त,

तेरे लहजा में तक्कलुफ की उदासी क्यों है? (विघ्न)

श्री बिरेंद्र सिंहः चेयरमैन साहब, मैं कह रहा था कि जहां यह प्रोजैक्ट तैयार होना है वहां साल में 8–9 महीने बर्फ पड़ी रहती है और अगर यह मान भी लिया जाए कि यह प्रोजैक्ट 8–9 साल में तैयार हो जाएगा तो इस वक्त जो इसकी कौस्ट तीन सौ करोड़ रूपया है, यह उस वक्त 1,000 करोड़ रूपये तक पहुंच जाएगी। इसलिए अगर हम इतना पैसा अफोर्ड कर सकतसे है और 8–9 साल तक इन्तजार कर सकते हैं तो मैं इसकी निंदा नहीं करता लेकिन मेरी एक तजवीज है जिस मैं सदन के सामने रखना चाहता हूं। चौधरी देवीलाल जी की सरकार के समय में सैन्टर में श्री रामचन्द्रन इस महकमें के इन्चार्ज थे। उस समय एक मीटिंग हुई थी जिसमें पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, जम्मू का मीर और हिमाचल प्रदे ा वगैरा सारी स्टेट्स के प्रतिनिधि भाामिल थें। मंत्री जी कागजात निकलवा कर देख लें, उस वक्त

यह फैसला हुआ था कि नाथपा झाकड़ी चूंकि महंगा प्रोजैक्ट है और नौर्द्रन जौन की स्टेट्स इसको बनाना अफोर्ड नहीं कर सकतीं इसलिए सैन्ट्रल गवर्नमैंट प्रायरिटी बेसिज पर उसे अपने पैसे से बनाए। ऐसा फैसला हो गया था। अगर मंत्री जी इस फैसले को परसू करे तो बैटर रहेगा, ऐसा मेरा विचार है। इसके अलावा उसी मीटिंग में यह भी फैसला हुआ था कि नौर्द्रन जोन में चूंकि बिजली का बड़ा भारी संकट आने वाला है इसलिए भाकड़ा कांप्लैक्स में जो दो तीन और बिजली के प्रोजैक्टस हैं, उनको फोरी तौर पर सैन्ट्रल गवर्नमैंट अपने हाथ मेें ले और काम भाुरू करे। इस फैसले को भी सरकार को परसू करना चाहिए।

चेयरमैन साहब, इसके अलावा मैं एक बात और अर्ज करना चाहता हूं। मेरा एक आइडिया है। मैं टैक्निकल आदमी नहीं हूं लेकिन उस आइडिया को बोर्ड के अफसरानों के सामने रखना चाहता हूं। ऐग्रीकल्चर सैक्टर में हरियाणा में इस समय 40 परसैंट बिजली की आव यकता है। (विघ्न) हरियाणा को जितनी बिजली की आव यकता है, उसमें से 40 परसैंट की जरूरत ऐग्रीकल्चर सैक्टर को है। आप जानते है कि भीप ब्रीडिंग फार्म हिसार में एक विंड मिल लगी हुई है। मैं वहां बतौर मंत्री एक दफा गया था। ऐक्सपर्ट्र्स ने मुझे बताया था कि वह विंड मिल 365 दिन में 315 दिन चलती रहती है। उन्होंने उस विंड मिल को कुएं के साथ लगा रखा था और इसके जरिये वे सैंकडों एकड़ जमीन के लिए कुएं से पानी निकालते थे। हौलैन्ड वगैरा में यह

तजुर्बा बहुत कामयाब रहा। वहां पर ट्सूबवैल्ज के साथ उनकी विंड मिल्ज लगी हुई है। मंत्री जी अगर ऐक्सपर्ट्स की एक टीम हौलैन्ड या दूसरे दे ाों में भेजें तो इसके बारे में और जानकारी हासिल की जा सकती है। (विघ्न) मंत्री जी को खुद जाने की जरूरत नहीं है (विघ्न) यदि इस किस्म के डि मिल लगाये जाये और कामयाब हो जायें तो जो 40 परसैंट बिजली हम एग्रीकल्चर को देते है, वह कम देनी पड़ेगी और साथ ही साथ स्टेट की टोटल प्रोडक ान पर भी असर पड़ेगा।

चौधरी रिजक रामः चौधरी वीरेंद्र सिंह विंड मिल के बारे में फरमा रहे है हरियाणा में भी अमेरिकन इंजीनियर्ज आये थे, उन्होंने जेठड़ी गांव हिसार में विंड मिल लगाया था वह कामयाब नहीं हुआ। जैसा कि ये फरमा रहे है कि हिसार में विंड मिल 315 दिन तक चलता रहा, यह सही नहीं। वह काम नहीं दे सका, फेल हुआ, अब भी वहां पर लगा हुआ है। दूसरी बात यह है कि चौधरी वीरेंद्र सिंह जी की नीति पक्की रहीं है कि हरियाणा में जो भी चीज मिलती रही, उसको ये खत्म करते रहे है।

श्री वीरेंद्र सिंहः मैं अर्ज कर रहा था कि अगर विंड मिल में हमें कामयाबी मिल जाती है तो इसका फायदा यह होगा कि 40 परसैंट जो बिजली एग्रीकल्चर सैक्टर में दे रहे हैं, वह बच जायेगी। सैकिन्डली, किसानों को विंउ मिल बना कर दे दें तो छः सात कि तों में उनसे पैसे वसूल कर सकते है। अगर हम

कामयाब हो जाते है तो हमे ाा के लिए बिजली की दिक्कत खत्म हो जायेगी।

एक बात मैं थीन डैम के बारे में अर्ज करना चाहता हूं। पांच–छः स्टेट्स की सरकारों ने लिख कर दे दिया था कि अटारनी जनरल जो फैसला करें वह सब को मानना होगा। मुझे कुछ इतला मिली है कि वह रिपोर्ट तैयार है। प्राइम मिनिस्टर के पास पहुंच चुकी है और फेवरेबल भी बताते है। मैं चाहूंगा कि उसको एक्पीडाइट करके थीन डैम के भोयर को हासिल करें ताकि अगले सालों में जो बिजली की कमी होने वाली है उस से बचाव हो सके।

श्री मूल चंद जैन(सम्भालखा): चेयरमैन साहब, आज हाउस में बिजली बोर्ड की रिपोर्ट पर विचार हो रहा है। मैं अपने साथी चौधरी राम लाल वधवा को मुबारिकबाद देता हूं कि उन्होंने इस रिपोर्ट पर प्रस्ताव देकर बड़ी अहम बात की ताकि मैम्बर साहेबान अपने विचार रख सकें। मैं एक दो बातें नुक्ताचीनी की भी कहूंगा और एक दो बाते प्र ांसा की भी कहूंगा। मुझे आज तक बिजली बोर्ड के असैट्स और लायबिलिटीज का पता नहीं चला। ये करन्ट साल के आंकड़े तो नहीं दिये है, अगर मैं गलतफहमी में न हूं तो भाायद ये 1979–80 के आंकड़ें है। चूंकि बोर्ड का 1980–81 का बजट आ चुका है इसलिए 1980–81 के आंकड़ें भी आ जाने चाहिए थे ताकि पता लगता कि उसकी आमदनी क्या है और क्या खर्च करने जा रहे है। बिजली बोर्ड ने

जो प्र ांसा का काम किया है वह भी हाउस के सामने बताना चाहता हूं। हरियाणा स्टेट पहली स्टेट है जिसने एक एक देहात तक बिजली पहुंचाई है। इसका केडिट बिजली बोर्ड को जाता है। इसमें कोई भाक नहीं है कि इतनी बुरी हालत में सूखें की हालत में बिजली बोर्ड ने लोगों को बिजली दी। यह तो ठीक है कि किसानों को मर्जी के मुताबिक बिजली नहीं मिली, दिन की बजाए रात को मिली पांच महीने बिजली बोर्ड ने रात को बिजली दी। इस सूखे को काबू करने का सारा केडिट बिजली बोर्ड को जाता है। कल यहां एग्रीकल्चर मिनिस्टर कैडिट ले रहे थे कि एग्रीकल्चर इन्स्पैक्टर्ज ने बहुत काम किया है लेकिन जहां तक मैं समझता हूं, इसका ज्यादा कैडिट बिजली बोर्ड को जाता है या सिंचाई महकमें को जाता है।

एक बात मैं और भी अर्ज करना चाहता हूं कि सन् 1978–79 में बिजली बोर्ड का बजट ऐस्टीमेट 63 करोड़ 64 लाख रूपये का था, 1979–80 में 86 करोड़ 6 लाख का रह गया और 1980–81 में 66 करोड़ 57 हजार रूपये का प्रोवीजन किया है जिस में 41 करोड़ रूपया कर्जे के तौर पर और 25 करोड़ रूपया बिजली बोर्ड को अपने साधनों से जुटाना है और कैसे 86 करोड़ से घट कर 66 करोड़ पर आ गये, इसका क्या कारण है? इससे अगली बात जो मैं आपके नोटिस में लाना चाहता हूं वह यह है कि आये साल हरियाणा सरकार बिजली बोर्ड को कभी 35 करोड़ कभी 38 करोड़ रूपये देती है और इस वर्श 41 करोड़ रूपया देने

जा रही है। अब देखने की बात यह है कि बिजली बोर्ड रिटर्न क्या दे रहा है। जब हम बिजली बोर्ड को इतना पैसा दे रहे है तो उसको रिटर्न भी देनी चाहिए। हरियाणा सरकार ने बिजली बोर्ड को जो कर्जा दिया है उसका सूद सन् 1979–80 में 15 करोड़ 71 लाख रूपया बैठता है। इस में से 8 करोड़ 95 लाख रूपया दिया है, 6 करोड़ और देना है। 6 करोड़ रूपया न देने के कारण यही मालूम होता है कि उन्होंने यह कहा है कि हमारे पास नहीं है। हरियाणा सरकार को जो सूद मिलना चाहिए था वह भी नहीं मिला, इस तरह कैसे काम चलेगा।

कहने का मतलब यह है कि जो इन्होंने इन्वैस्टमैंट की हे उससे सरकार को कम रिटर्न आ रही है। जो पैसा हमने बिजली बोर्ड को दिया है वह भी हमारे कन्सोलिडेटिड फण्ड में से गया हुआ है। इसमें कोई भाक नहीं कि यह चीजें लोगों को फायदे के लिए है। अगर बिजली बोर्ड किसी प्राइवेट कम्पनी या किसी सेठ बिड़ला जी जैसे आदमी के पास होता और दस पर 100 करोउ़ रूपया खर्च होता तो उनकी बहुत अच्दी आमदनी और एफीि ाएंसी होती। इतनी सारी सहूलियतें अगर हम बिड़ला को दे देते तो वह मुनाफा भी कमाता और बिजली भी सप्लाई करता। एक दो सुझाव मैं और दूंगा, क्योंकि पब्लिक अन्डर टेकिंग कमेटी मैं भी यह बात जोरों से आई थी कि बिजली की लीकेज और चोरी बहुत ज्यादा हो रही है। बिजली बोर्ड ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि 22.7 प्रति ात की लीकेज या चोरी हो रही है। मैं

इस बात को मानता हूं कि यह दूसरी स्टेटों की अपेक्षा कम है और हरियाणा का नम्बर इस मामले में बहुत नीचे है लेकिन फिर भी 22.7 प्रति ात की जो लीकेज या चोरी हो रही है, यह बहुत ज्यादा है। मैं यह भी मानता हूं कि हमारी लाइनें बहुत पुरानी हो गई है। इन लाइनों को बदलने की आव यकता है लेकिन हमारे जो फैट्रियों वाले कंज्युमर है, वे भारी मात्रा में बिजली इस्तेमाल करते है और उन में कई भारी मात्रा में बिजली की चोरी करते है। वे बिजली बोर्ड के कर्मचारियों से मिल लेते है। फर्ज करो किसी जगह पर 10 राईस मिलें लगी हुई है और उन सभी को बिजली मिलती है। फर्ज करो वे मिलें दो हजार टन या पांच हजार टन जीरों को चावल में तबदील करती है। इनमें से एक मिल का बिजली का खर्चा 1000/– रूपए महीना आता है और दूसरी का 100 रूपए महीने आता है क्या बिजली बोर्ड के कर्मचारी उस चोरी को पकड़ नहीं सकते? यह कितनी गलत बात है? ऐसा नहीं होना चाहिए। इस बाते में मेरा एक सुझाव है, पहले भी मैंने इस बारे में सुझाव दिए थे। जो काली भेड़ें है जो फैक्ट्री वाले हैं, वे एस0डी0ओ0 से या मीटर रीडर से या किसी दूसरी छोटे कर्मचारियों से मिल जाते है और मिल कर चोरी करते है।

गवर्नर एड्रैस में भी हमारी सरकार ने क्लेम किया था कि अवेलेबल एनर्जी में से 60 प्रति ात हम किसानों को देते है। चेयरमैन साहब, मैनें अपने सवाल नं0 1441 द्वारा प्र न पूछा था जिस में 1979–80 से अब तक की फिगर्ज मांगी थी कि बिजली

बोर्ड एग्रीकल्चर और इंडस्ट्रीज को कितनी बिजली देता है। इन्होंने जो आंकड़ें दिए है उसके हिसाब से एग्रीकल्चर सैक्टर में कम से कम 30 प्रति ात और ज्यादा से ज्यादा 45 प्रति ात बिजली दी हैं। लेकिन जो यह कहते है कि 60 प्रति ात बिजली दी है, यह गलत है। इस साल एग्रीकल्चर के लिए 45 प्रति ात से ज्यादा बिजली नहीं दी गई। मेरी समझ में नहीं आता कि यह सरकार 60 प्रति ात का कैसे क्लेम कर सकती है।

चौधरी रिजक रामः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर! सभापति महोदय पिछले साल 1978–79 के साल में 40 प्रति ात से 45 प्रति ात तक बिजली किसानों को मिली लेकिन सूखे के टाईम 60 प्रति ात से 70 प्रति ात तक हर महीने बिजली दी गई।

श्री मूलचंद जैनः मुझे बड़ा अफ सोस है कि मेरे दोस्त ऐसी बाते कर रहे है उन्होंने पता ही नहीं किया कि यह आंकड़ै कहां से कुलेक्ट किए गए है। लेकिन मेरे पास जो आंकड़े है वे सवाल नं0 1441 के जवाब में है और यह जवाब हरियाणा सरकार की ओर से आया हैं। यह आम लोगों की ि ाकायत है कि किसानों से इम्तयाजी सलूक हो रहा है, जैसा कि इन फिगर्ज से जाहिर होता है। इंडस्ट्रियल सैक्टर को रियायत दी जा रही है। इंडियन एक्सप्रैस अखबार की मेरे पास एक कटिंग है जो 3–4 नवम्बर की है। इस कटिंग के अन्दर यह है कि जब चौधरी रिजक राम बतौर मिनिस्टर थे तो उन्होंने यह ि ाकायत की थी

कि हमारे हरियाणा बिजली बोर्ड के कर्मचारी चोरी करवाते है इसलिए उन पर इस बात की पाबंदी लगाई जाये। वे इस बात को जानते है और मानते है कि चोरी छिपे से बिजली दी जा रही है।

चेयरमैन साहब, हरियाणा के किसानों को उम्मीद थी कि 12 घण्टे बिजली मिलेगी लेकिन ये 8 घण्टे बिजली दे रहे है और फैक्ट्री वालों को ज्यादा बिजली दे रहे है। आयन्दा के लिए मुझे वि वास है कि हमारे बिजली बोर्ड के चेयरमैन मि0 खन्ना हैं, वे इस बारे में काफी दिलचस्पी ले रहे हैं मैनें जो सुझाव बिजली बोर्ड के बारे में रखे है मुझे उम्मीद है कि सरकार उन पर जरूर गौर फरमायेगी।

डा0 बृज मोहन गुप्ता (जगाधरी): चेयरमैन साहब, मैं तो सिर्फ एक ही सुझाव देना चाहता हूं कि बोर्ड की एग्रीकल्चर पावर–लाईन और इंडस्ट्रियल पावर–लाईन को अलग–अलग कर दिया जाए तो बहुत अच्छा रहेगा। क्योंकि पावर–लाईन इक्ट्ठी होने के कारण कई जगहों पर बड़ी मु कलात आ रही है। कई बार इंडस्ट्रियल पावर–लाईन के साथ डामैस्टिक–लाईन भी बंद हो जाती है। अगर अलग–अलग लाईन्ज की सुविधा प्रदान की दी जाए तो बहुत अच्छी बात होगी। यमुनानगर के अन्दर थर्मल प्लांट लगाए जाने के बारे में कई दफा आ वासन दिया गया है लेकिन अभी तक इस आ वासन पर अमल नहीं हुआ हैं। पिछले साल भी वहां पर थर्मल प्लांट लगाए जाने का आ वासन दिया

गया था और इस साल भी दिया गया है। इसलिए मैं सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि वहां पर थर्मल प्लांट को लगाए जाने का कार्य जल्दी से जल्दी भ्रारू किया जाए।

श्री सभापतिः मैं भी आपकी बात से सहमत हूं।

चौधरी संत कंवर (हसनगढ़): सबसे पहले तो मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया है। चौधरी रिजक राम जी ने अपने टाईम की बातें, जब वे मिनिस्टर थें, बढ़ा–चढ़ा कर पे ा की है। उन्होंने कहा कि उस समय किसानों को बहुत बिजली मिली है लेकिन चेयरमैन साहब मैं यह बता देना चाहता हूं कि जिस साल सूखा पड़ा हुआ था और गेहूं की बिजाई हो रही थी तो उस समय चौधरी रिजक राम जी मिनिस्टर थे। उस वक्त हरियाणा के तमाम ट्यूबवैल्ज को इतनी बिजली दी गई थी जितनी हरियाणा के चार कारखानों में इस्तेमाल होती थी। यानी फरीदाबाद के 3 कारखाने और एक यमुनानगर का कारखाना, इन चारों कारखानों मैं जितनी बिजली की खपत होती थी उतनी सारे हरियाणा के किसानों को दी जा रही थी।

चौधरी राम लाल वधवाः चेयरमैन साहब, बिजली बोर्ड के अधिकारी काफी काबिल है इसलिए मैम्बरों ने जो सुझाव दिए है उस पर गौर अव य कर लेंगे। बाकी मंत्री जी से क्या कहना है? मैं तो यही कहूंगा–

'पूछ इन से लजत जानमा, बरबाद रहने के सामान

सैकड़ों इसने जला कर फूंक डाले है।

श्री सभापतिः वधवा साहब, आप मुझे बहुत ज्यादा डिस्टर्ब कर रहे है। इस लिए मुझे भी कुछ कहने पड़ेगा। (व्यवधान)

चौधरी संत कंवरः चेयरमैन साहब, जैसे कि जैन साहब ने कहा है कि बिजली बोर्ड में सबसे बड़ा घाटे का कारण यह रहा है कि बिजली बोर्ड के जो आफिसर है जैसे, एस0डी0ओ0 हैं, मीटर रीडिंग करने वाले कर्मचारी है या और दूसरे कर्मचारी हैं, वे बिजली की चोरी करवाते है। मैं यहां तक कह सकता हूं कि बड़े आफिसर बिजली की चोरी करवाते है। बिजली बोर्ड के लिए जो सामान खरीदा जाता है उसमें भी इन बड़े अधिकारियों के लिए प्रोफिट की बहुत बड़ी परसैंटेज फिक्स होती है। नाजायज तौर पर बिजली दिए जाने के कारण बोर्ड करोड़ों रूपए के घाटे में जा रहा है।

चेयरमैन साहब, अभी कुछ दिन पहले पानीपत थर्मल प्लांट मैं, एक एक्स0ई0एन0 की गलती की वजह से एक दिन के अन्दर चार लाख रूपए का नुकसान हुआ है।

थर्मल प्लांट में आग लगी लेकिन आज तक किसी जिम्मेदार एक्स0ई0एन0 या एस0डी0ओ0 के खिलाफ कोई भी कार्यवाही नहीं की गयी है। हमारे मंत्री जी को तो भाायद इस

बात का पता भी नहीं है कि वहां पर कोई नुकसान भी हुआ है या नहीं। आखिर में एक बात कह कर मैं बैठ जाउंगा। चेयरमैन साहब नाथपा झाकड़ी प्रोजैक्ट हम बनाने जा रहे है। उसमें हरियाणा सरकार का भी हिस्सा है। जिस प्रकार भाखड़ा मैनेजमैंट बोर्ड में हिस्सा है उसी तरह से हमारा नाथपा झाकड़ी प्रोजैक्ट में भी हिस्सा होना चाहिए। चूंकि 100 में से 80 रूपए हरियाण सरकार उस प्रोजैक्ट पर खर्च करेगी इसलिए मेरा कहना यह है कि उसकी मैनेजमैंट में भी हमारा 80 प्रति ात हिस्सा होना चाहिए। इतना कहकर मैं अपना स्थान लेता हूं और आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया।

सिंचाई तथा बिजली मंत्री(चौधरी मेहर सिंह राठी): इससे पहले कि आदरणीय मैम्बरान की तरफ से उठाए गए सवालों का जवाब में कुछ कहा जाए, मैं कुछ काबिले–तारीफ सूरतेहाल का जिक्र करना चाहूंगा। हरियाणा इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड को कायम हुए 13 साल हो चुके है। यह एक बहुत बड़ी सरकारी संस्था है जो मुख्तलिफ– ाोबों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रही है। इन 13 वर्शों के दौरान हरियाणा ने सामाजिक और आर्थिक तरक्की में बिजली की जराए को ज्यादा विस्तार देकर हरियाणा की जनता की खु ाहाली में अहम रोल अदा किया है। जब हरियाण बना था उस वक्त घरेलू, कामि र्यिल, खेतीबाड़ी के कामों और उद्योगों को चलाने के लिए बिजली खपतकारों की तादाद 3.12 लाख थी और हमारे पास कुल 370 मैगावाट बिजली अवेलेबल थी। उस

वक्त 17 लाख यूनिट बिजली की खपत होती थी लेकिन आज इन खपतकारों की तादाद 11 लाख के करीब पहुंच गई है। इस वक्त राज्य में 2 लाख 2 हजार 36 ट्यूबवैल्ज है। आज खेती बाड़ी और उद्योगों के क्षेत्र में बिजली की मांग बहुत ज्यादा बढ़ गई है। (व्यवधान व भाोर)

श्री सुरेंद्र सिंहः आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। चेयरमैन साहब, राठी साहब उस तरफ मुंह करके बोल रहे है और हमारी समझ में इनकी बातें नहीं आ रही है।

We are also interested to know what the Minister is speaking as we are very much concerned with the affairs of the State.

चौधरी मेहर सिंह राठीः पिछले साल खरीफ के दिनों में मौनसून के बर वक्त न होने के बाईस बेमिसाल, खोफनाक खु ाकसाली का सामना करना पड़ा, उस वक्त बड़ी गम्भीर समस्या ने सिर उभारा। एक ऐसे वक्त में जब बिजली की मांग बहुत ज्यादा थी और जराये की बहमरसानी भी इतनी ज्यादा न थी तो हकूमत को इन समस्याओं के चैलेन्ज का सामना करना पड़ा। मैं यहा पर थोड़े से लफजों में यह कहूंगा कि इन समस्याओं पर किस तरह काबू पाया गया (व्यवधान) चेयरमैन साहब यह साबित हो चुका था कि जुलाई से सितम्बर 1979 के दिनों में जहां बिजली मुअस्सिर थी, ट्रांसमीटर और तकसीम के तरीके भी बढ़ी हुई मांग को पूरा करने मैं असमर्थ थे और ट्रांसफार्मरों की खराबी

और ब्रेक डाउन की ि ाकायतें आम थी। बोर्ड ने जो पहला कदम उठाया वह था खराब ट्रांसफार्मरों को बदलना और सभी जगह ट्रांसमि ान लाईन को मजबूत बनाना। इस तरह मार्किट में से कच्चा माल खरीद कर, धूलकोट के ट्रांसफार्मर वर्क ााप की कुवत को 200 से बढ़ कर 400 यूनिट माहवार किया गया खोफनाक खु ाकसाली दरियाओं और नहरों में पानी की कमी के दिनो मैं एच0एस0ई0बी0 ने खपतकारों को मुख्तलिफ कैटेगरीज को 1 करोड़ 25 लाख यूनिट रोजाना सप्लाई की गयी। बिजली की इस सप्लाई में फसल बोने वालों में से धान और कपास की फसल बोने वालों की जरूरियात को तरजीह दी गयी। 1978 में सिर्फ 80 लाख यूनिट तकसीम हुए थे। इस तरह खु ाकसाली अगरचे इत्तफा किया थी और बिजली की खु ाकसाली बहुत महदूद थी। तो भी हमने सूरते हाल को अच्छी तरह संभाल कर खरीफ की फसल को काफी हद तक बचाया। इस मकसद के लिए एच0एस0ई0बी0 ने पिछले साल की निस्बत 50 प्रति ात ज्यादा बिजली दी। यहां इस बात का जिक्र भी मुनासिब होगा कि 1978 में 4.6 लाख हैक्टेयर जमीन में धान की का त की गयी जबकि खरीफ के पिछले मौसम में यह रकबा बढ़ कर 5.15 लाख हैक्टेयर हो गया।(व्यवधान)

ट्रांसमि ान सिस्टम भी इतना बेहतर न था क्योंकि करीबन पिछले दो वर्शों में इसे नैगलैक्ट कर दिया गया था। सब–स्टे ानों की तामीर और नई लाईने बिछाने की तरफ ज्यादा

तवोज्जह दी गई। 400 किलावाट की डेहर पानीपत लाईन पर तवोज्जह दी गई जिससे वोलटेज की हालत सुधरी और ट्रिपिंग और ब्रेक डाउंज की तादाद में कमी वाका हुई। पिछले दस महीनों में एच0एस0ई0बी0 ने 132 किलोवाट के आठ स्टे ान्ज 66 किलोवाट के 6 स्टे ान्ज और 33 किलोवाट के 29 स्टे ान्ज मुकम्मल किए या लगाएं इनके अलावा हरियाणा में और स्टे ानों पर भी काम जारी है। दरअसल अन्दाजन तीस करोड़ रूपए की लागत से 125 सब–स्टे ानों की तामीर का पंद्रह महीनों के एक जबरदस्त प्रोग्राम पर तनदेही से काम हो रहा है। दूसरी अहम समस्या उस वक्त पैदा हुई जब सर्दियों के भाुरू में मुखतलिफ जराए से हासिल होने वाली बिजली की सप्लाई में कमी आई। आरदरणीय मैम्बरान जानते है कि भाखड़ा की गोबिंद सागर झील मैं पानी की सतह पहले ही नारमल सतह से 64 फीट नीचे जा चुकी है। इसी तरह पोंग से भी कम पानी हासिल हो रहा है। यह सब इन इलाकों में बारि ाों की कमी की बजह से हुआ जिससे दरयाओं में पानी की सतह कम हो गई, जिसकी वजह से पोंडागेज हाईडल के बहाव में कमी आई।

रबी की बुआई को कोई नुकसान न पहुंचे इसलिए ट्यूबवैल्ज के लिए बिजली की लगातार सप्लाई को यकीनी बनाने की कोि ा ा की गई है। देहली के तीन बिजली घरों से हरियाणा के हिस्सें की पूरी बिजली हासिल करने के लिए कोि ा ा की गई और बदरपुर पावर हाउस से मजीद बिजली

राहत हासिल करने के लिए वजीरेआला की सतह पर बातचीत हुई है। पड़ोसी राज्य राजस्थान से भी इसी तरह की दरखास्त की गई है। बदकिस्मती से राणा प्रताप सागर न्युक्लीयर पावर प्लांट के फेल होने की वजह से राजस्थान को खुद परे ाानियों का सामना है जिस की वजह से वह कोई मदद नहीं दे सकता। आखिरकार वजीरेआला की जाति मदाखलत की वजह से कुछ बिजली बदरपुर से हासिल हुई। बिजली के ठीक इस्तेमाल की वजह से ही बुवाई का काम ठीक ढ़ंग से पूरा किया जा सका। जैसा कि खड़ी फसल देखकर अन्दाजा किया जा सकता है कि ट्यूबवैल्ज को दस से बारह घंटे रोजाना बिजली दी जाती रही।

पिछले साल जुलाई और अगस्त में उद्योगों की बिजली सप्लाई में कटौती लागू की गई। छोटे उद्योगों को बिजली कटौती से पूरी छूट दी गई। छोटे उद्योगों का तीस से चालीस फीसदी और बड़े खपतकारों पर पचास से आठ फीसदी कटौती लागू की गई। मैं यह कहना चाहूंगा कि किसानों की जरूरत को मद्देनजर रखते हुए सनतकारों ने बिजली की कटौती के बावजूद न सिर्फ अपनी पैदावार को काफी हद तक बरकरार रखा बल्कि दवाइयों से मुताल्लिका यूनिट जैसे लाजिमी उद्योगों को बिजली कटौती से छूट दी गई। सीजनल उद्योगों को जैसे राइस भौलर, कपास की उटाई, गन्ने की पिलाई और खांडसारी वगैरह के लिए खास तौर पर बिजली का प्रबन्ध किया गयां वनस्पति, खाने

लायक तेलों और आटा वगैरह की लाजिमी पैदावार और सप्लाई को बनाए रखने के लिए बिजली सप्लाई में खास रियायत दी गई।

जबकि हरियाणा में बिजली सिस्टम में सुधार लाकर फसल और इंडसटरी को बचाया जा सका है तो पड़ोसी राज्य में सूरतेहाल ज्यादा संगीन हो गई है आदरणीय मैम्बरान याद करें कि पिछलें साल यू0पी0 में लम्बे अर्सें तक साठ से सौ फीसदी बिजली कटौती लागू की गई थी। इसी तरह राजस्थान में पचास से सौ फीसदी बिजली सप्लाई में कटौती रही और पंजाब में भी लगभग साठ फीसदी बिजली सप्लाई में कटौती हुई। पंजाब जो हरियाणा की तरह ही कृशि प्रधान राज्य है, वहां ट्यूबवैल्ज को पांच घंटे रोजाना बिजली सप्लाई मिलती है। यू0पी0 में तो इस अर्सा के दौरान बिजली की कमी की ज्यादा गम्भीर समस्या रही है। वहां ट्यूबवैल्ज को एक दिन छोड़ कर सिर्फ चार घंटे बिजली सप्लाई मिलती है। हरियाणा में थोड़े अर्सें के दौरान बिजली की कमी को ज्यादा गम्भीर समस्या रही है। वहां ट्यूबवैल्ज को एक दिन छोड़ कर सिर्फ चार घंटे बिजली सप्लाई मिलती है। हरियाणा में थोड़े अर्सें के लिए ऐसा रहा कि एक करोड़ यूनिट की जगह 75 लाख यूनिट बिजली हासिल होती रही और ट्यूबवैल्ज को बिजली का साठ फीसदी हिस्सा भी कभी–कभी दिया जाता रहा। यह बताना मुनासिब होगा कि वर्श 1978 के मुकाबले में 1979 में, जबकि खेती के लिए 50 फीसदी बिजली में इजाफा हुआ, उद्योगों

को दी जाने वाली बिजली में दस फीसदी से ज्यादा कटौती नहीं की गई।

हमारी पहुंच लचकीली रही है। राज्य के जनूबी पूरबी हिस्से में रबी के मौसम और तैयार फसलों के लिए पानी की जरूरत को महसूस किया गया। इन इलाकों में जमीन रेतीली होने के कारण ज्यादा पानी जाया होता है। सिरसा, हिसार, भिवानी, गुड़गावां, रोहतक और महेन्द्रगढ़ के इलाकों में से 7 मार्च 1980 से ट्यूबवैल्ज को आठ से ग्यारह घंटे रोजाना बिजली की सप्लाई दी जा रही है। कल से हरियाणा के दूसरे इलाकों को भी आठ से दस घंटे रोजाना बिजली की सप्लाई मिला करेगी। हम आ ाा करते है कि ट्यूबवैलों से सिंचाई हासिल करने वाले इलाकों में खड़ी फसलों को बचाया जा सकेगा। इस बारे में ट्यूबवैल्ज को बरूएकार लाने के लिए चलाई गई खास मुहिम काफी कारगर रही है। अक्तूबर 1979 से अब तक तीन हजार महावार की दर से पंद्रह हजार नए ट्यूबवैल्ज को बिजली के कुनैक ान दिए गए। इस तरह 1978 के दौरान हर माह 1200 से 1500 तक बिजली के कनेक ान दिए गए। चूंकि बिजली का हर युनिट कीमती होता है इसलिए लाइन के नुकसान को कम से कम करने की कोि ा ा की गई हैं। हाउस की जानकारी के लिए यह बताना ठीक होगा कि साल 1971–72 में 27.30 फीसदी लाइन नुक्सान हुआ। पिछले साल यह नुकसान कम होकर 21.2 फीसदी रह गया। नतीजे के तौर पर दो सौ मिलियन यूनिट रोजाना

मजीद बिजली हासिल होने लगी। लाईन के नुकसान को कम करने की खास कोि ा ा की जा रही है। हाल ही में बिजली चोरी रोकने के लिए बोर्ड ने खास मुहिम चलाई है। पिछले बोर्ड के चौकसी अमला ने सात सौ कुनैक ान की जांच की। बिजली चोरी की तीस वारदातों और 116 गैर कानूनी ऐक्सटें ान की वारदातों का सुराग लगाया गया। 2.5 लाख रूपए मुतहलिका लोगों के खेतों में डाला गया। संबंधित तीन कर्मचारियों को मुअतिल किया गया। बिजली की चोरी और नाजायज इस्तेमाल की रोकथाम और मुहिम को कामयाब बनाने के लिए बोर्ड के सीनियर आफिसर राज्य के दौरे पर जाते रहते है।

हरियाणा में बिजली लाइन में ज्यादा नुकसान पहुंचाने का एक सबब यह भी है कि एक कृशि प्रधान प्रान्त होने के नाते यहां दूर तक ट्यूबवैल्ज को बिजली सप्लाई देनी होती है। मतलब यह है कि सप्लाई सिस्टम में ज्यादा सुधार लाने की गर्ज से सब–स्टे ानों का दर्जा बढ़ा कर इनकी मौजूदा सलाहियत को बढ़ाये जाने की कोि ा ा की जा रही है और इस ढ़ांचे में तबदीली लाई जा रही है।

सवाल यह है कि हम ज्यादा बिजली हासिल करने के लिए क्या कर रहे है। हमारा अन्दाजा है कि 1985 तक अगर हरियाणा बिजली के और साधन न जुटायेगा तो हालत संगीन सूरत अख्तियार कर जायेगी और हमें एक बड़े चैलेन्ज का सामना करना पड़ेगा। इस बात को ध्यान में रखते हुए नई हाईडल

स्कीमों को बढ़ाने की कोिा ा की गई है। आदरणीय मैम्बरान को याद होगा कि वर्श 1978–79 के दौरान पानीपत थर्मल प्लांट को बड़ी दुस्वारी का सामना करना पड़ा था। जब हमें भयानक सूखें का सामना करना पड़ा तो हमने फैसला किया कि प्लांट जिसे 30 जून 1980 को चालू किया जाना था, हमारे लिए फायदेमंद न रहेगा। हमने इसकी तमाम खराबियों को जल्द से जल्द दूर करने की कोिा ा की। आखिरकार मुकरर वक्त से आठ माह पहले 1 नवम्बर यानि हरियाणा दिवस के मौके पर भारत के राश्ट्रपति ने इस प्लांट का उद्घाटन किया। तब से इस प्लान्ट से दस से बारह लाख यूनिट रोजाना बिजली की पैदावार हो रही है। पानीपत थर्मल प्लांट का यूनिटII भी 23 मार्च 1980 से पैदावार करना भुारू कर देगा।

फरीदाबाद थर्मल प्लांट औसतन बारह लाख यूनिट रोजाना बिजली की पैदावार कर रहा है। फरीदाबाद थर्मल प्लांट का तीसरा यूनिट तकरीबन मुकम्मल होने को है जहां तक पानीपत थर्मल प्लांट का ताल्लुक है इस यूनिट की पैदावार सल्हाइयत अपनी किस्म से भारत के दूसरे यूनिटों से अच्छी है। हरियाणा और हिमाचल प्रदे ा सरकारों के दरम्यान नाथपा झाकड़ी हाईडल प्रोजैक्टस जैसी एक बड़ी स्कीम में हिस्सेदारी का मुहाइदा हुआ है। इस स्कीम के लिए माली अखराजात जुटाने की गर्ज से दोनों सरकारें वि व बैंक से कर्जा हासिल करने की दरखास्त करेगी। वैस्टर्न जमुना हाईडल प्रोजैक्ट जो कई वर्शों से अलतवा मैं था

पर भी काम भुरू किया गया है और हम उम्मीद करते है कि यहां एक माह के अन्दर पहले प्लान्ट की बुनियाद डाल दी जाएगी। पहला पावर हाउस 1980 में मुकम्मल हो जाएगा। इस तरह थर्मल प्लांटों को वक्त से पहले मुकम्मल करके और इनकी सल्हाईयत को बढ़ा कर आगे आने वाली बिजली की कमी के मसले का मुकाबला कर सकेंगे। हमने ज्यादा बिजली हासिल करने के प्रोग्राम की भुरूआत कर दी है ताकि हरियाणा की आर्थिक तरक्की के पहिए को तेजी से चलाया जा सके।

मुखतलिफ स्कीमों को मुकम्मल करने के लिए हरियाणा स्टेट इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड ने साल 1979–80 के लिए 70 करोड़ रूपए का बजट बनाया है। इसमैं से 36.29 करोड़ रूपए बिजली की पैदावार के लिए मखसूस किए गए है। ट्रांसमी ान लाइनों को बिछाने के लिए 16.50 करोड़ रूपए रखे गए है। बोर्ड बीस हजार ट्यूबवैल्ज को बिजली देने का ख्याल रखता है और गांव में बिजली पहुंचाने के लिए भी 8.11 करोड़ रूपए खर्च करने का इरादा रखता है। जैसा की आदरणीय मैम्बर जानते है बोर्ड मुखतलिफ अदारों जैसे कि एल0आई0सी0 रूलर इलैक्ट्रिफिके ान कार्पोरे ान, एग्रीकल्चर रिफाइनैंस डिवैलपमैंट कापोरे ान, हिन्दुस्तान अर्बन डिवैलपमैंट कार्पोरे ान और मार्किट से उधार लेने जैसे तरीको से काफी माली जराए हासिल करने में कामयाब रहा हैं इस साल बिजली की फरोख्त से अन्दाजन 71 करोड़ रूपए हासिल हुए जब कि इस पर 41.5 करोड़ रूपए खर्च उठा

था। इस तरह 27.5 करोड़ रूपए ब्याज की अदायगी और खर्चे करने वाली संस्थाओं के कर्जों की दुबारा अदायगी के लिए बाकी बचे 1978–79 के दौरान बोर्ड के औसत सरमाया पर दस फीसदी रिटर्न था। इलैक्ट्रिसिटी ड्यूटी 4.4 फीसदी मिलाकर यह रिटर्न 14.5 फीसदी होता है जो कि एच0एस0इ0बी0 की तरफ से हासिल किए गए अब तक के रिटर्न में सब से ज्यादा है। 1977–78 में इसके औसत सरमाये पर यह सिर्फ 7.2 फीसदी था और इस पर चार फीसदी इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी थी। इस तरह कुल मिलाकर यह रिटर्न 11.2 फीसदी थी। यहां पर अमर काबिले जिक है कि हरियाणा में तकरीबन दो लाख से ज्यादा ट्यूबवैल्ज में से ज्यादा तादाद फ्लेट रेट के हिसाब से अदायगी करती है जो कि इस वक्त 16 रूपए फी बी0एच0पी0 हैं। वे ट्यूबवैल्ज जो मीटरों पर है औसतन बीस पैसे फी यूनिट अदा करते है। फ्लेट रेट के नतीजे के तौर पर जो कि गवर्नमैंट की तरफ से किसान भाइयों की इमदाद के लिए भुारू किया गया, से बोर्ड को साल 1979–80 में छः करोड़ रूपए का माली खसरा को बर्दा त करना पड़ा। यह खसार 1980–81 में बढ़कर आठ करोउ़ रूपए की इनडायरैक्ट सबसिडी ले रहा है। फ्लेट रेट से पहल ट्यूबवैल्ज को 19 पैसे फी यूनिट के हिसाब से बिजली दी जाती थी, अब यह कम होकर चौदह पैसे तक पहुंच गई है। हम कामयाबी से अपनी समस्याएं हल कर रहे है और उम्मीद है कि अप्रैल के आखिर तक हम पावर कट में रियायत को बर्दा ात करने के काबिल हो जाएंगे ताकि हरियाणा की अर्थव्यवस्था को बोर्ड की यह देन बदस्तूर अहम रहे।

चौधरी राम लाल वधवाः चेयरमैन साहब, मंत्री महोदय ने जो जवाब दिया है यह समझ नहीं आया है और मैं इनको दाद दिये बगैर नहीं रह सकता। किसी ने कहा है–

इलाजे दर्द में भी दर्द की लज्जत पर मरता हूं

जो थे छालों में कांटे नो के सोजन से निकाले है।

श्रीमती सुशमा स्वराजः चेयरमैन साहब, इसकी बजाय अगर यह कहा जाए तो ज्यादा अच्छा रहेगा–

हकीकत से नफरत हिमाकत पे नांता

हमें ऐसे लोगों से पाला पड़ है।

खाद्य तथा पूर्ति मंत्री(चौधरी गजराज बहादुर नागर): इसका जवाब मैं दे देता हूं– कोहे दामन दस्ते भाहरा से गुजर जाता हूं मैं

ये तो क्या गरदि ो दौरा से टकराता हूं मैं,

लेकिन एक मोहब्बत की नजर है,

जिससे घबराता हूं मै।

श्रीमती सुशमा स्वराजः ऐ दिले नादां सरे महफिल न कर गम का मिला,

कुछ भी हो चाहे रजाये साहिबे महफिल को देख,

जिन्दगी के गम हकीकत में बड़े पुरलुत्फ है,

ि ाकवे गम करने वाले लज्जते हासिल को देख।

चौधरी राम लाल वधवाः चेयरमैन साहब, यह तो वही हालत हो गई–

न पूछ इनसे लज्ज्त खानमां बरबाद रहने की,

न ोमन सैकड़ों इसने बनाकर फूंक डाले है।

श्री सभापतिः काफी हो गया है, अब अगली आइटम टेक–अप की जाएगी (व्यवधान)

(iii) वर्श 1977–78 के लिए हरियाणा कृशि वि वविद्यालय, हिसार की वार्शिक आडिट रिपोर्ट

Chaudhri Ram Lal Wadhwa(Karnal): Sir, I beg to move-

That the Annual Audit Report of the Haryana Agricultural University Hisar, for the year 1977-78, which was laid on the Table of the House on 3rd March, 1980, be discussed.

Mr. Chairman: Motion moved-

That the Annual Audit Report of the Haryana Agricultural University Hisar, for the year 1977-78, which was laid on the Table of the House on 3rd March, 1980, be discussed.

चौधरी राम लाल वधवाः चेयरमैन साहब, सब से पहले तो मैं इसके बारे में एक भोर कह देता हूं–

फला फूला रहे या रब चमन मेरी उम्मीदों का

जिगर का खून दे दे कर ये बूटे मैंने पाले है।

सभापति महोदय, यह जो रिपोर्ट आई है इसको मैंने बड़े प्रेम से पढ़ा है। इसमें कोई वि ोश बात नहीं है जिस पर नुक्ताचीनी की जा सके और फिर यह हरियाणा एग्रीक्लचर यूनिवर्सिटी हमारे हरियाणा की है और दे ा भर मैं अच्छी यूनिवर्सिटी भुमार की जाती है। इसके बारे में मैं एक मिनट में एक बात कहकर खत्म कर दूंगा। चेयरमैन साहब, इसके इंट्रोडक् ान में लिखा है।

"The main thrust during the year under repost has been towards improving the teaching porgramme, conducting research on problems in agricultural schemes, and disseminating the results for the benefit of the rural community by developing better liaison with the State Department of Agriculture and Animal Husbandry".

चेयरमैन साहब, इस यूनिवर्सिटी को जो ग्रांट–इन–एड मिली है उसका ब्यौरा पेज 2 पर है। उसके अनुसार 6 करोड़ 27 लाख और 65 हजार रूपया ग्रांट–इन–एड के रूप में मिला और इन्होंने 5 करोड़ 36 लाख 99 हजार रूपया खर्च किया है। इस हिसाब से 90 लाख रूपया बच गया है। इस बारे में मेरा यह

कहना है कि इस यूनिवर्सिटी को सरकार ने जितना रूनया दिया है उसका पूरा इस्तेमान होना चाहिए ताकि जिस मकसद के लिए रूपया दिया गया है उसका लाभ स्टेट को मिल सके। चेयरमैन साहब हरियाणा प्रान्त एक कृशि प्रधान प्रान्त है। इसकी उन्नति खेती के ऊपर निर्भर करती है और इस दि ाा में हमारी एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी अच्छा काम करेगी तो उसका ज्यादा से ज्यादा लाभ हमारे किसानों और आम आदमी को मिल सकेगा। सभापति महोदय, मैं जब योजना बोर्ड का उपाध्यक्ष था तो मुझें वहां पर जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और मैंने वि ववविद्यालय में उनके रिसर्च के काम को देखा जोकि सही मायनों में अच्छा था। मैं तो इतना कहूंगा कि –

फला फूला रहे या रब चमन मेरी उम्मीदों का,

जिगर का खून दे दे कर यह बूटे मैनें पाले है।

सभापति महोदय मैं एक ही बात कहना चाहता हूं कि मैं जब वहां पर गया और उनके साथ मेरी मीटिंग हुई और मीटिंग में आने वाले हरेक प्रोफैसर ने अपनी अपनी रिसर्च के बारे में मुझे जानकारी दी तो मैंने उन से केवल एक ही बात पूछी थी कि यह जो आप रिसर्च वर्क कर रहे हो चाहे मवे ि ायों के ऊपर हो चाहे अनाज के ऊपर हो चाहे गेहूं के बारे हो सरकार ने जिस काम के लिये आपको इतना रूपया दिया है क्या आपकी इस रिसर्च से गांवों में रहने वाले किसानों को कोई लाभ पहुंचाते है। उन्होंने

मुझे कहा कि इसी बात की हमारे में कमी है। हम कुछ सैन्टर्ज गांवों में चुन लेते है और वहां जाकर लैक्चर के जरिये लोगों को सुझाव देते है। वैसे सही बात तो यह है कि हमार रिसर्च का लाभ आम किसान को नहीं होता है। मैंने कहा कि कार्य तो वाकई सराहनीय है क्योंकि रिसर्च के जरिए अच्छी नसल की गाय, भैंस, बकरियां आदि पैदा की गयी है जिसके कारण एग्रीकल्चर यूनीवर्सिटी में काफी बड़ी संख्या में अच्छें मवे ाी उपलब्ध है लेकिन सभापति महोदय, हरियाणा के दूसरे स्थानों पर इस रिसर्च को कोई लाभ नहीं हो रहा है। हमारे हरियाणा में अच्छें मवे ाी नहीं है, इसका कारण यह है कि जो रिसर्च वर्क यूनीवर्सिटी में हो रहा है, उसका सही लाभ गांवों में रहने वाले किसानों और मजदूरों तक नहीं पहुंच रहा है। इसलिये मेरा अपनी सरकार को सुझाव है कि सरकार और एग्रीकल्चर यूनीवर्सिटी दोनों मिलकर इन सुझावों पर विचार करे और देखें कि कौन से ऐसे साधन अपनाएं जा सकते है जिनसे हमारे हरियाणा के लोगों को लाभ पहुंच सकता हो ताकि गांवों मैं रहने वाले किसानों को अच्छे मवे ाी उपलब्ध हो सके।

(No. other hon. Member rose to speak)

Mr. Chairman: Now the House will take up the next item.

(iv) न्यायाधी ा गुरनाम सिंह जांच आयोग द्वारा दी गई रिपोर्ट

Shri Hira Nand Arya(Loharu): Sir, I beg to move-

That the Report by Justice Gurnam Singh, Commission of Inquiry, relating to the strike and unrest in the Medical College, Hospital and other attached institutions and the Maharishi Dayanand University, Rohtak, which was laid on the Table of the House on the 3rd March, 1980, be discussed.

Mr. Chairman: Motion moved-

That the Report by Justice Gurnam Singh, Commission of Inquiry, relating to the strike and unrest in the Medical College, Hospital and other attached institutions and the Maharishi Dayanand University, Rohtak, which was laid on the Table of the House on the 3rd March, 1980, be discussed.

श्री हीरा नंद आर्या: सभापति जी इस रिपोर्ट के पे ा करने की और कमि ान अप्वायंट करने की आव यकता तो मैं समझता हू उसी दिन जाहिर हो गई थी जिस रोज दुर्भाग्यव ा 28.9.77 को श्री हरद्वारी लाल जी को अप्वायंट कर दिया था। सभापति जीं, मुझे इस बात को स्वीकार करने में किसी बात को संकोच नहीं है कि जहां हमारे पिछले मुख्य मंत्री चौधरी देवी लाल जी ने काफी अच्छे काम किये वहां श्री हरद्वारी जी की अप्वायंटमैंट करके एक दुर्भाग्य की बात की है। सभापति महोदय, यह सारा मामला 12 अप्रैल से लेकिर 2.6.1978 तक चलता रहा। मैडिकल कालेज में जो मानवीय दुर्व्यवहार हुआ उसकी चर्चा सारे दे ा मं चली और उसी के कारण गुरनाम सिंह कमि ान की अप्वायंटमैंट

हुई। उस वक्त मैडीकल कालेज के प्रिंसिपल श्री गर्ग थे और उनकी ससपेन्न ान ही इस झगड़े का मेन कारण था। इसके साथ–साथ जो फंडज थे, वह करीब 6–7 लाख के करीब थे, जिन को श्री हरद्वारी लाल जी ने गलत तरीके से होस्टल के निर्माण के लिये इस्तेमाल करना भुरू कर दिया था, और इसी बात पर जयादा नाराजगी भुरू हुई। जब से वे यूनिवर्सिटी में वाइस चान्सलर के पद पर लगे उस दिन से लेकर आज तक यह नाराजगी चलती आ रही हे जिसके कारण वहां पर अ ाांति फैली। सभापति जी, सही मायनों में अगर हम देखें तो पता चलेगा कि जिस मुद्दे के लिये यह यूनिवर्सिटी बनायी गई थी वह मुद्दा ही समाप्त हो गया है। इस मामले को देखने के लिए कैबिनेट स्तर की एक कमेटी बनाई गई थी जिसके चौधरी वीरेंद्र सिंह श्री बलदेव तायल और श्री मूलचंद जैन मैम्बर थे। इस समस्या का समाधान वे लोग भी न निकाल सके क्योंकि श्री हरद्वारी लाल जी की नजाकत ही अलग थी जिसकी वजह से इस समस्या का समाधान नहीं हो सका। सरकार को कई प्रकार की कठिनाइयां हुई और मुलाजमों को तकलीफें हुई। सभापति महोदय, तो मरीज मैडीकल हस्पताल मैं दाखिल थे, उनको भी काफी परे ाानियां उठानी पड़ी। इसके साथ–साथ मैं आपको एक और बात बताना चाहता हूं कि जब श्री बतरा वाइस चांसलर ही थे तो उस वक्त गोहाना रोहतक रोड़ पर मैडिकल कालेज की साइट का फैसला किया गया था। आप देखेंगे, 1976 से लेकर आज तक करोड़ों रूपया खर्च हो चुका है लेकिन साइट पर आज तक एक ईंट भी

नहीं लगी है। आप इन्हीं हरकतों से अन्दाजा लगा सकते है कि 75 लाख रूपया जो सरकार ने दिया था उसके बारे मैं श्री हरद्वारी लाल जी ने आर्डर्ज कर दिए कि 30 दिन के अन्दर अन्दर रूल्ज एंड रेगुले ान की परवाह ने करते हुए सारा पैसा खर्च कर दिया जाए। ये आर्डर रिटर्न दिये थे। बिलडिंग वगैरह तो बनाई नहीं, पर उसकी जगह 10 लाख रूपये का फर्नीचर खरीदा गया वह फर्नीचर पानीपत में गोडरेज की एक एजेन्सी से खरीदा गया। मजे की बात तो यह है कि जिस दुकान से फर्नीचर खरीदा ,या, उसके पास इतना फर्नीचर कभी आया ही नहीं लेकिन कागजों में उसी दुकान से फर्नीचर खरीदा हुआ दिखाया गया।

मुख्य मंत्री (चौधरी भजनलाल): चेयरमैन साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर यह जो सामान खरीदा गया था इस सारे मामले की इन्कवायरी के लिये एक कमि ान मुकरर्र किया हुआ है। इसलिए जब किसी मामले की जांच करने के लिए कमि ान नियुक्त हो जाए तो उस पर हाउस मैं डिस्क ान नहीं होनी चाहिए।

श्री हीरा नंद आर्य: सभापति महोदय, इस संबंध में मैं क्या कहूं। मैं समझता हूं कि वह वाइस चांसलर उस यूनिवर्सिटी मैं हमारे ऊपर है***। इसकलए मैं सरकार से दर्खास्त करूंगा कि जहां उनको यूनिवर्सिटी में अनेकों प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ा वहां वाइस चांसलर की पावर को भी डिसैंटरलाइज करने की कृपा करे।

श्री सभापतिः अब सदन कल भाुक्रवार, दिनांक 21.3. 1980, प्रातः 9.00 बजे तक के लिए स्थगित किया जाता है।

18.22 बजे

(तत्प चात सदन भाुक्रवार, दिनांक 21.3.1980, प्रातः 9. 00 बजे तक के लिये स्थगित हुआ)।